# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः परीक्षा-2/गोप0/2025/2539 दिनांकः 10.03.2025

## संशोधित अंतिम स्मरण पत्र

**तत्काल**
**परीक्षा अत्यावश्यक**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त अग्रणी शासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र,
ग्वालियर (म.प्र.)

**विषय :- विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्र बनाये जाने हेतु चाही गयी जानकारी निर्धारित प्रोफार्मा में आवश्यक रूप से भेजने विषयक।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मार्च, 2025 के तीसरे सप्ताह से विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षाऐं प्रारम्भ हो रही हैं। आपके क्षेत्रान्तर्गत स्नातक परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संभावित संख्या के लिये कितने महाविद्यालय ऐसे है जिन्हें आगामी परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्र बनाया जा सकता है। ऐसे महाविद्यालयों में कितने परीक्षार्थियों की बैठक क्षमता है तथा परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाऐं उपलब्ध हैं। यदि वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में आपके परिक्षेत्र में ऐसे शासकीय स्कूल हैं जिन्हें आगामी परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्र बनाया जा सकता है, तो ऐसे स्कूलों के संबंध में बैठक क्षमता तथा आधारभूत सुविधाओं की जानकारी **निर्धारित प्रोफार्मा में आवश्यक रूप से** प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करें।

इस आशय का पत्र दिनांक 08.03.05 को प्रषित किया जाने के फलस्वरूप भी **कुछ अग्रणी महाविद्यालयों द्वारा जानकारी प्रेषित नहीं की गयी है तथा कुछ अग्रणी महाविद्यालयों द्वारा जानकारी निर्धारित प्रोफार्मा में भर कर नहीं भेजी गयी है।**

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वार इस आशय के निर्देश दिए गए हैं। अतः आपको अंतिम बार पुनः सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त आवश्यक जानकारी **संलग्न प्रपत्र में ही भरकर दिनांक 11.03.2025 को दोपहर 12 बजे** तक अनिवार्य रूप से ई-मेल आई.डी. jiwajigwalior@yahoo.co.in पर भेजी जाना प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें, जिससे कि परीक्षा केन्द्र निर्धारण समिति के समक्ष जानकारी रखी जाकर परीक्षा केन्द्र निर्धारत किए जा सकें। उपरोक्तानुसार जानकारी प्राप्त न होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध परीक्षा अधिनियम अनुसार कार्यवाही का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जावेगा।

**संलग्न :- प्रपत्र**

**कुलगुरू महोदय के आदेशानुसार,**

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः-**

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, ग्वालियर-चम्बल संभाग की ओर भेजकर निवेदन है कि अग्रणी महाविद्यालयों को आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करें, जिससे आवश्यक जानकारी निर्धारित समयावधि में प्रदाय की जा सके।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

**परीक्षा नियंत्रक**

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## परीक्षा केन्द्र निर्धारण के भौतिक सत्यापन के लिए चैक–लिस्ट

**महाविद्यालय का नाम.....................................................................................................................................**

| परीक्षा केन्द्र में कक्षों की संख्या | परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों की बैठने की अधिकतम क्षमता | परीक्षा केन्द्र पर फर्नीचर की उपलब्धता | परीक्षा कक्षों में सी.सी.टी.वी. कैमरों की उपलब्धता एवं स्टोरेज की क्षमता (कम से कम एक माह) | परीक्षा केन्द्र पर पीने के पानी की व्यवस्था | परीक्षा केन्द्र पर बिजली की व्यवस्था/ जनरेटर की व्यवस्था | परीक्षा केन्द्र पर छात्र/ छात्राओं हेतु अलग–अलग शौचालय की व्यवस्था | परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध वीक्षकों की संख्या | प्रश्न–पत्रों को सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रॉग रूम आपातकालीन मोबाईल/ लैण्डलाईन नं. | 1. उत्तरपुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने हेतु सुरक्षित कक्ष<br>2. अलिखित उत्तरपुस्तिकाओं /ओ.एम.आर. का संधारण रजिस्टर<br>3. अलिखित उत्तरपुस्तिकाओं /ओ.एम.आर. की संख्या | मुख्य मार्ग से केन्द्र तक पहुँच की दूरी | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| | | | | | | | | | | | |

**हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा**
**(प्राचार्य, संबंधित अग्रणी महाविद्यालय)**